आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–28 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। वह बनारस रेल इंजन कारखाना–बरेका मैदान में आयोजित महिला सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं।

भारत को विकसित बनाने का मिशन अनवरत चल रहा है और जो मैं विकसित भारत की बात करता हूँ। तो उसका सबसे मजबूत स्तंभ भारत की नारी शक्ति है। आज इस कार्यक्रम में आप सभी बहनों बेटियों से एक महायज्ञ की शुरूआत के लिए आशीर्वाद लेने के लिए मैं आया हूँ। काशी के सांसद के तौर पर देश के प्रधानमंत्री के तौर पर मुझे देश हित के लिए एक बड़ी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आप सबका आशीर्वाद चाहिए।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लगभग छह हजार तीन सौ पचास करोड़ रुपये लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों बनारस–पुणे और अयोध्या –मुम्बई को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इससे पहले, प्रधानमंत्री के वाराणसी पहुंचने पर बीएलडब्ल्यू हेलीपैड पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री कल सुबह वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद वह हरदोई जाएंगे और गंगा एक्सप्रेस–वे का उद्घाटन करेंगे।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित नौ सौ छत्तीस प्रधान परिचालकों के नियुक्ति–पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून का राज विकास की पहली गारंटी है। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ कानून–व्यवस्था के वातावरण में आज देश–विदेश के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आ रहे हैं। श्री योगी ने कहा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड इस वर्ष लगभग एक लाख नई भर्ती करने जा रहा है।

पहली बार उत्तर प्रदेश होमगार्ड में भी 41 हजार से भी अधिक भर्ती के लिए पिछले तीन दिनों में परीक्षाएं सम्पन्न हुई हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड इस वर्ष लगभग एक लाख नई भर्ती करने जा रहा है। होमगार्ड की भी भर्ती होगी। सिविल पुलिस की भी भर्ती होगी। एसआई की भी भर्ती होगी। पीछे उद्देश्य यही है हर उस नौजवान को जो योग्य है, क्षमतावान है, स्वतः स्फूर्त भाव के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनना चाहता है उसके लिए अच्छा अवसर यह भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड उसे उपलब्ध करवाएगा।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर पर ध्वजारोहण करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि कल शाम पांच बजे यह अनुष्ठान सम्पन्न होगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम में करीब सात सौ मेहमान शामिल होंगे।

****

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी व पीएनजी, जबकि ट्रांसपोर्ट के लिए सीएनजी की शत–प्रतिशत सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है।

घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के लिये और डोमेस्टिक पीएनजी उपभोक्ताओं के लिये सीएनजी ट्रांसपोर्ट के लिये 100 परसेंट सप्लाई एंश्योर की गयी है। इसके अलावा कमर्शियल एलपीजी भी 70 प्रतिशत तक रीस्टोर कर दी गयी है। कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई हॉस्पिटल , एजुकेशनल इंस्टीच्यूशन को प्रायर्टी पर दी जा रही है। इसके अलावा फार्मा, स्टील, सिरीर, एग्रिकल्चर इत्यादि सेक्टर्स को भी प्रायर्टी दी जा रही है और माइग्रेंट लेबर के लिये भी पांच किलो के एफटीएल सिलेण्डर की सप्लाई लगभग डबल की जा चुकी है।

****

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने गर्मी के मौसम में लू की स्थिति को देखते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से तैयारियां करने का आग्रह किया है। एक रिपोर्ट–

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्या सलीला श्रीवास्तव ने कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के आधार पर अप्रैल से जून 2026 तक सामान्य से अधिक लू चलने की संभावना है। मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर लू प्रबंधन के लिए समर्पित इकाइयां स्थापित करने, एम्बुलेंस सेवाओं की तैयारी सुनिश्चित करने और एकीकृत स्वास्थ्य सूचना पोर्टल – आईएचआईपी पर लू के मामलों की जानकारी देने का निर्देश दिया है। रोहन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।

केन्द्र सरकार ने बढ़ते तापमान और लू से कामगारों और मजदूरों को बचाने के लिए राज्यों को राष्ट्रव्यापी परामर्श भी जारी किया है।

****